Regarding service condition of employees in Jammu and Kashmir-laid

श्री जुगल किशोर (जम्मू) : मैं केन्द्रीय सरकार का ध्यान जम्मू कश्मीर के विभिन्न विभागों में सेवाएं दे रहे Dailywager, Need Base Worker, Contractual Worker, adhoc worker की दयनीय दशा की ओर ले जाना चाहता हूं। कर्मचारी का यही सपना होता है कि जब वह सेवाएं देता है तो उसे हर महीने समय पर सही और पूरा वेतन मिले और वे अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें। वेतन समय पर ना मिले तो वह धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर हो जाता है। जो सेवाएं तो देते हैं पर उन्हें समय से वेतन तक भी नहीं मिल पाता है आए दिन धरना प्रदर्शन करते हैं इनका हर विभाग को चलाने में बहुत बड़ा योगदान है। सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि सरकार UT प्रशासन जम्मू कश्मीर का आर्थिक सहयोग करें और UT प्रशासन को फंड्स उपलब्ध कराए या इनके लिए कोई नीति बनाई जाए। ताकि कई सालों से विभिन्न विभागों में सेवाएं दे रहे कर्मचारी PERMANENT हो सके या इन्हें Minimum Wages Act के तहत लाया जाए ताकि इन्हें पूरा वेतन सही समय पर मिल सके और अपना जीवन निर्वाह ठीक ढंग से कर सकें।